# ऊर्जा मंत्री ने दासोड़ी में किया एक करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण

**बीकानेर,** (कासं)। ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने हदां तहसील के दासोड़ी गांव में करीब एक करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर अपने स्वागत से अभिभूत होकर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मेरा प्रयास है कि कोलायत विधानसभा क्षेत्र विकास की ऊंचाईयों को छुए। उन्होंने कहा कि गत साढे चार सालों में कोलायत विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत सुविधा के विकास पर जोर रहा है। इस इलाके के विकास की और जरूरत है। उन्होंने कहा कि दासोड़ी गांव के युवा मण्डल द्वारा लिया गया शराबबंदी का निर्णय सराहनीय है। गांव वालों को इस पर कायम रहना है।

उन्होंने कहा कि नशा मनुष्य का नाश करने का सबसे बड़ा कारण बनता है और इससे अपराध की घटनाएं बढ़ती हैं। उन्होंने कहा कि शराबबंदी के इस निर्णय में ग्रामीणों को प्रशासनिक हल्के का पूरा सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा कि इस गांव में शराबबंदी का निर्णय लिया है। इससे प्रेरित होकर अन्य गांव में भी शराब बंदी का निर्णय ले सकते हैं।

सामुदायिक भवन के लिए स्व. गोकुलदान पुत्र स्व. करणीदान की स्मृति में उनके परिवार द्वारा भूमि का दान करने पर ऊर्जा मंत्री ने परिवार के सदस्य को शॉल ओढाकर सम्मानित किया और कहा कि सार्वजनिक उपयोगार्थ किया गया भूमि का दान फलीभूत होता है। उन्होंने कहा कि अन्य लोगों को भी इससे प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने गांव में शराबबंदी में सहयोग करने वाले युवा गोपालदान, हनुमानदान व भवानीदान का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।


ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने दासोड़ी में एक करोड़ रूपये की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

- सामुदायिक भवन के लिए स्व. गोकुलदान की स्मृति में उनके परिवार द्वारा भूमि का दान करने पर ऊर्जा मंत्री ने परिवार के सदस्य को शॉल ओढाकर सम्मानित किया
- भाटी ने कहा कि दासोड़ी गांव के युवा मण्डल द्वारा लिया गया शराबबंदी का निर्णय सराहनीय

सरपंच मोहनदान रतनू ने गांव में जीएसएस बनवाने, दासोड़ी के आस-पास के गांवों को डामर रोड से जोड़ने, सुधारों की गुवाड़ व हनुमान सागर में बरसाती पानी की समस्या का समाधान करवाने, ओसिंया-दासोड़ी-हदां के लिए रोडवेज बस शुरू करवाने तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान संकाय खुलवाने की आवश्यकता जताई। ऊर्जा मंत्री ने विधायक निधि कोष से स्वीकृत 20 लाख रूपये लागत से निर्मित करणी सामुदायिक भवन, पंचायत समिति मद से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 19 लाख रूपये की लागत से बने दो कक्षा-कक्षों का, दासोड़ी तेलियो की ढ़ाणी में 29.95 लाख रूपये और गांव दासीड़ी में 28.91 लाख रूपये लागत से बने नये ट्यूबवैल निर्माण का तथा 3.01 लाख रूपये से ग्राम पंचायत भवन दासोड़ी की चारदीवारी को ऊंची उठाने के कार्य का लोकार्पण किया।

विकास कार्यों से अभिभूत ग्राम पंचायत दासोड़ी के सरपंच मोहन दान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विकास कार्य करवाने के लिए ऊर्जा मंत्री का अभिनंदन किया और कहा कि मंत्री भाटी ने कोलायत विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, उच्च शिक्षा, सड़क, पानी-बिजली और स्वास्थ्य सेवा की बेहतरीन व्यवस्था की है।

पूर्व सरपंच व शिक्षाविद रामदयाल रतनू, जिला परिषद सदस्य मोहन दान रतनू, राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के पूर्व सचिव पृथ्वीराज रतनू ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कोलायत विधान सभा को विशेष महत्व देते हुए इसके विकास के लिए सर्वाधिक बजट आवंटित किया है। बज्जू को उपखंड, पंचायत समिति तथा हदां को पंचायत समिति और तहसील बनाकर ऐतिहासिक कार्य करवाया है। जहां कोलायत तहसील मुख्यालय पर पिछले 70 सालों से एक भी गवर्नमेंट कॉलेज नहीं था। वहीं अब ऊर्जा मंत्री के प्रयासों से 2 कॉलेज संचालित हैं।

उन्होंने कहा कि कोलायत विधानसभा क्षेत्र में इन दो कॉलेज सहित सात राजकीय कॉलेज, आई टी आई, ट्रोमा सेन्टर, उप जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की सुविधा है। इस अवसर झंवर लाल सेठिया, विकास अधिकारी मांगी लाल, तहसीलदार सुभाष मीना, अधीक्षण अभियंता डिस्कॉम राजेन्द्र सिंह मीना, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मूलसिंह भाटी, मनरेगा लोकपाल किशोर सिंह राठौड़, कुंभ सिंह रूपावत, ओमप्रकाश सेन अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

## लाभार्थी सम्मेलन में सुनी 'मन की बात'

**बीकानेर,**(कासं)। भाजपा जस्सूसर मंडल के अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश कुमार ओझा की अध्यक्षता में संत लाली माई बगीची शक्तिपीठ में भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार के 9 वर्ष के उपलब्धियां एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों का सम्मेलन आयोजित किया गया।

लाभार्थियों के इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 102 वां एपिसोड मन की बात कार्यक्रम को रेडियो के माध्यम से सभी उपस्थित लाभार्थी एवं कार्यकर्ताओं ने सुना। मंडल के अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला संगठन के द्वारा दिशा निर्देश पर जस्सूसर मंडल ने केन्द्र सरकार के 9 नौ साल बेमिसाल उपलब्धियां के प्रपत्र वितरित किए।

लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभान्वितों के साथ लाभार्थी कार्यक्रम छोटी काशी बीकानेर के शक्तिपीठ संत लाली माई बगीची में तपस्विनी मातृशक्ति श्री धर्मा बाईसा के आशीर्वाद एवं सानिध्य में संपन्न हुआ। लाभार्थियों के कार्यक्रम के अंत में संत लाली माई बगीची की तपस्विनी धर्मा बाईसा ने कहा कि बीते 9 सालों में भारत देश की उन्नति और प्रगति और संस्कृति पूरे विश्व में दसों दिशाओं में विख्यात हुई है।।

लाभार्थियों के इस सम्मेलन में उपस्थित मंडल के अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश कुमार ओझा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ सत्यप्रकाश आचार्य, जनसंघ नेता दाऊलाल गहलोत, मंडल के महामंत्री खेतनाथ, चोरुलाल सुथार, मंडल के उपाध्यक्ष भवानी प्रजापत, जुगल आचार्य, प्रभुदयाल चौधरी, अशोक सांखला आदि मौजूद थे।

## सार-समाचार

### वरिष्ठ जनों ने मतदान की शपथ ली


फादर्स डे पर वृद्धाश्रम में वरिष्ठजनों ने मतदान की शपथ ली।

**बीकानेर,** (कासं)। मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (द्वितीय) तथा मतदान के प्रति आमजन में जागरूकता के उद्देश्य से रविवार को फादर्स डे के अवसर पर जिले के विभिन्न वृद्ध आश्रमों में शपथ कार्यक्रम आयोजित हुए। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार आयोजित इन कार्यक्रमों में वरिष्ठजनों ने मतदान में भागीदारी का संकल्प लिया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पवार ने बताया कि मुक्ता प्रसाद नगर स्थित भीम वृद्ध आश्रम तथा वृंदावन एनक्लेव स्थित अपना घर वृद्ध आश्रम में यह कार्यक्रम हुए। इस दौरान वृद्धजनों को मतदान के महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही इसके लिए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इस दौरान भी वृद्ध आश्रम प्रबंधक कैलाश चावरिया, जिला समाज कल्याण अधिकारी नंदकिशोर राजपुरोहित, केयरटेकर मधु, अपना घर आश्रम में प्रबंधक अशोक मूंधड़ा, ज्ञान सिंह, रमेश राठी, कमल प्रजापत, एडवोकेट राम तथा मनीष आदि मौजूद थे। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा स्वीप प्रकोष्ठ प्रभारी ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम के मद्देनजर जागरूकता की विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी श्रंखला में यह कार्यक्रम हुआ।

### मदरसा के लिए 15 लाख की घोषणा

**नोखा,** (कासं)। राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चोपदार देर रात को नोखा पहुंचे। यहां समाजसेवी अनवर अली निर्बाण के निवास पर गर्म जोशी से उनका स्वागत किया। नोखा में समाजसेवी व उद्योगपति अनवर अली निर्बान ने नेतृत्व में मुस्लिम समाज द्वारा मदरसा बोर्ड चेयरमैन का माला पहनाकर भव्य अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अनवर अली निर्बान ने समाज के लोगों ने राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन से नोखा में ईदगाह के लिए जगह उपलब्ध करवाने व मदरसा का निर्माण कार्य पूरा करवाने की मांग भी की। जिस पर राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन ने नोखा मदरसा के लिए 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। चेयरमैन ने कहा कि समाज व आवाम सबका भला होना चाहिए। सबको एकता के सूत्र में पिरोना चाहिए। उन्होंने आव्हान किया सभी एकजुट रहकर समाज की भलाई के लिए काम करें। इससे न सिर्फ नोखा बल्कि देश भी उन्नति की राह पर तेजी से अग्रसर होगा। इस अवसर पर समाजसेवी अनवर अली निर्बाण, रमज़ान अली, अज़ीज़ अली, सिकंदर अली, जॉनी विक्रम अली, अनीश अली, साहिल खान, हाजी रसूल, हाजी निशार, बाकिर अली, मंजूर तेली, जाकिर क़ायमखानी, मुकत्यार सिक्का, फारुक छिम्पा व अन्य मुस्लिम समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे व चेयरमैन का अभिनंदन किया।

### बीकानेर में 4.4 मिमी. बारिश

**बीकानेर,** (कासं)। चक्रवाती तूफान बिपरजॉय का असर बीकानेर में हल्की बारिश के रूप में सामने आया। बादलों की आवाजाही के बीच दिन भर रही उमस के बाद शाम साढ़े चार बजे छाए बादल और घने हो गए। हल्की हवाओं के साथ 15 मिनट की बारिश और फिर रुक-रुक कर बारिश होती रही। परिणाम स्वरूप बीकानेर में 4.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। दरअसल शुक्रवार को आधी रात के बाद तूफान राजस्थान में बाड़मेर के रास्ते आया। जैसे-जैसे तूफान आगे बढ़ा उसकी रफ्तार धीमी और कमजोर होती गई। बीकानेर में सीधा असर वैसे भी नहीं होना था। तूफान का रूख नागौर से फलौदी की ओर था। नागौर का पड़ौसी जिला होने के कारण हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश की चेतावनी थी। इस कारण से ही बीकानेर को यलो अलर्ट में शामिल किया गया था। सबसे ज्यादा बीकानेर में बारिश के संकेत थे। लोग सुबह से आसमान की ओर देख रहे थे। बारिश कम हुई और हवा में भी गति नहीं थी, जिसके कारण उमस बढ़ गई।

### स्कूल में दो कमरों का लोकार्पण

**हनुमानगढ़,** (कासं)। विधायक चौधरी विनोद कुमार ने रविवार को गांव भुन्नावाली ढाणी में राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में विधायक कोटे से बने 2 कमरों का लोकार्पण किया। इस मौके पर विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही उनका समाधान किया। ग्रामीणों की मांग पर विधायक चौधरी विनोद कुमार ने अपने कोटे से 28 लाख रूपये के विकास कार्यों को स्वीकृति दी। इस दौरान पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि दयाराम जाखड़, ब्लॉक अध्यक्ष व सरपंच संदीप सिद्धू, कृषि उपज मंडी समिति चेयरमैन अमर सिंह मुंडेवाला, सरपंच माड़ी देवी, तुलसाराम और कुंभाराम जिनागल भी मौजूद रहे। विधायक चौधरी विनोद कुमार ने कहा कि गांव के विकास में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहने देंगे। आप तो हमें बताते रहना, विकास कामों के लिए धन की कमी नहीं आने देंगे। इस मौके पर सीडीपीओ सुनीता शर्मा, सहायक विकास अधिकारी हरि राम चोहकन, पीओ मलकीत सिंह, ग्राम विकास अधिकारी कुमारी पूजा, जिला परिषद डायरेक्टर हरी सिंह, बद्री प्रसाद कड़वासरा, मनीराम कारगवाल, पूर्व जिला परिषद सदस्य जसकरण सिंह ढिल्लो, उप सरपंच बलराम सोनी, बीरबल राम, आसाराम मेघवाल, गोविंद राम, श्यामसुंदर पंच, भूप बेनीवाल और अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### मनीषा की पुस्तकों का लोकार्पण 24 को

**बीकानेर,** (कासं)। उद्घोषिका, रंगनेत्री, स्वर कोकिला और समाज सेविका मनीषा आर्य सोनी की चार पुस्तकों का लोकार्पण शनिवार को 4.15 बजे रोटरी क्लब बीकानेर में किया जायेगा। शब्द श्री साहित्य संस्थान की मोनिका गौड़ ने बताया कि हिन्दी, राजस्थानी की चार पुस्तकों- आठवीं कुण (राज.उपन्यास), मदार के फूल (हिन्दी कहानी संग्रह), हिलोर (राज काव्य संग्रह), मन मानस (हिन्दी गीति काव्य) का लोकार्पण समृद्ध मंच द्वारा किया जायेगा।

## पुलिस जीप को टक्कर मारकर भागने वाले बदमाश को दबोचा

**बीकानेर,** (कासं) बंगला नगर में एक बदमाश पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारकर बोलेरो गाड़ी भगा ले गया। करीब चार किलोमीटर तक पीछा कर नाल और मुक्ता प्रसाद पुलिस ने ऊन मंडी स्थित ओवरब्रिज के पास दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी का नाम राजेश पुत्र रामस्वरूप जाट, निवासी रामसर, हाल शिव शक्ति गैस गोदाम के पास बंगला नगर है।

मुक्ता प्रसाद थाने के एसएचओ अरविन्द भारद्वाज ने बताया कि शुक्रवार रात को अज्ञात लोगों ने शहर नथानिया की गोचर भूमि पर बनी दीवार को तोड़ दिया था। एसआई हंसराज मौका मुआयना करने के लिए गए थे। इस बीच लोगों ने उन्हें बताया कि दीवार शुक्रवार रात को मनीष पुत्र शंकर लाल जाट, राकेश पुत्र बाबूलाल, किशन पुत्र सीताराम तथा भगवानाराम पुत्र रामस्वरूप कस्वां सहित चार-पांच अन्य ने तोड़ी है। बंगला नगर में एसआई हंसराज ने बोलेरो चालक को रोककर पूछताछ करनी चाही तो उसने अपनी बोलेरो से थाने की जीप को दो-तीन बार टक्कर मारी। इसके बाद वह गाड़ी को तेज गति से भगाकर ले गया। जिसे बाद में ऊन मंडी के पास काबू किया गया। बोलेरो चालक ने अपना नाम राजेश पुत्र रामस्वरूप बताया, जिसे गाड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया गया है।

- आरोपी की गाड़ी का टायर ऊन मंडी के पास ब्लास्ट हो गया तो पुलिस ने घेरा बनाकर उसे दबोच लिया

डूडी पेट्रोल पम्प के पास नाल थाने की गाड़ी को टक्कर मारने के बाद बोलेरो चालक राजेश जाट ने बंगला नगर की गलियों में गाड़ी को भगा लिया। उसके पीछे नाल थाने की गाड़ी ने पीछा करना शुरू कर दिया। थाने के एसआई हंसराज ने वायरलैस से घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। इसके बाद मुक्ता प्रसाद थाने की पुलिस भी बदमाश के पीछे लग गई।

सदर, बीछवाल, जामसर, और नाल थाने की पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए नाकाबंदी की। एसआई हंसराज ने बताया कि आरोपी राजेश जाट की गाड़ी का टायर ऊन मंडी के पास ब्लास्ट हो गया। इसके बाद पुलिस ने घेरा बनाकर आरोपी को काबू किया। मुक्ता प्रसाद थाने के एसएचओ अरविन्द भारद्वाज और नाल थाने के एसआई हंसराज ने बताया कि पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारने और गोचर की दीवार तोड़ने वाले आरोपी को गाड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया है।

## भगवान जगन्नाथ रथयात्रा 20 को

**बीकानेर,**(कासं)। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। मंदिर में रंगरोगन कार्य हो चुका है। रथों को संवारने का काम चल रहा है। अणचा बाई अस्पताल के सामने स्थित प्राचीन मंदिर से रथयात्रा 20 जून को गाजे-बाजे के साथ निकाली जायेगी।

मंदिर के पुजारी श्रवण कुमार पांडे ने बताया भगवान जगन्नाथ मंदिर के आंगन में पूजा-आरती की जायेगी। मुख्य मंदिर में जगह कम होने की वजह से मंदिर द्वार में प्रवेश करते ही आरती की जायेगी। भगवान जगन्नाथ मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष घनश्याम लखाणी ने बताया रथयात्रा में परम्परा लम्बे अर्से से चली आ रही है। इस रथयात्रा में बड़ी संख्या में आस्थावान लोग शामिल होंगे। रथयात्रा प्राचीन मंदिर से रवाना होकर कोटगेट, केईएम रोड, चौतीना कुआं होते हुए रात 8बजे रतन बिहारी पार्क के रसिक शिरोमणि मंदिर पहुंचेगी। जहां भगवान जगन्नाथ 10 दिन तक विराजमान रहेंगे।

## जमीन विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट

**बीकानेर,** (कासं)। गंगाशहर थाना क्षेत्र के श्री रामसर के राधाकिशन मंदिर के समीप निजी जमीन पर अपने-अपने दावे को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई।

मारपीट की इस घटना में कई घायल हुए हैं । मारपीट की इस घटना में शिवलाल, जगदीश गहलोत, महेन्द्र भाटी के चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार श्रीरामसर के पास स्थित राधाकिशन मंदिर के पास दो पक्षों के बीच निजी जमीन पर पिछले कई सालों से विवाद चल रहा था। विवाद के चलते आज एक पक्ष के लोग प्लाट पर पहुंच गए और लोहे की रॉड से किसमीदेसर निवासी कुछ लोगों पर हमला बोल दिया। रॉड से जमकर पिटाई की गई जिससे उनके शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोट आई है।

शिवलाल गहलोत, जगदीश गहलोत, महेन्द्र भाटी पर हमला बोल दिया। मारपीट में शिवलाल गहलोत को गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल घायलों का पीबीएम अस्पताल में इलाज जारी है। इस मामले में अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और पता लगा रही है कि किस-किस ने झगड़ा किया। इस मारपीट का एक वीडियो भी वायरल हो गया है। इसी आधार पर पुलिस कुछ युवकों को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

- मामले में अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई
- मारपीट का वीडियो वायरल होने पर पुलिस कुछ युवकों को पकड़ने का प्रयास कर रही है

## यू.आई.टी. में पट्टा मालिक को ही मिलेगा

**बीकानेर,** (कासं)। प्रशासन शहरों के संग अभियान 21-22 व 23 के तहत डी-नोटिफाइड बस्तियों के बड़ी संख्या में पट्टे बनाये जा रहे हैं। इसमें दलाल सक्रिय हैं जो आवेदकों से पट्टे बनवाने के लिए रूपये ऐंठते हैं। दलालों पर अंकुश लगाने के लिए यूआईटी ने निर्णय लिया है कि अब आवेदकों को ऑफिस में बुलाकर सीधे उसे ही पट्टा सौंपा जायेगा।

पट्टे यूआईटी सचिव, लेखाधिकारी, भूमि अवाप्ति अधिकारी, तहसीलदार व अन्य अधिकारी ही आवेदक को सौंपेंगे। आवेदक के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को पट्टे नहीं सौंपे जायेंगे। इस संबंध में यूआईटी सचिव आहूजा ने आदेश जारी किए हैं।

सभी अनुभाग कार्मिकों को हिदायत दी गई है कि कोई भी पत्रावली किसी व्यक्ति विशेष के पास नहीं रहे। इसके अलावा प्रत्येक फाइल इन्द्राज करके ही ली और दी जायेगी। सचिव ने कहा है कि इसमें लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

- दलालों पर अंकुश लगाने के लिए यूआईटी ने निर्णय लिया कि आवेदक को बुलाकर सीधा उसे ही पट्टा सौंपे
- लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई

## रेल के आगे छलांग लगाई

**बीकानेर,** (कासं)। सूडसर गांव निवासी एक युवक ने दिल्ली सराय रोहिल्ला से बीकानेर आने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई।

हादसा सूडसर रेलवे स्टेशन एक किलोमीटर दूर बेनीसर तरफ दोपहर साढ़े तीन बजे हुआ। एसएचओ रामचंद्र ढाका ने बताया कि मृतक पहचान सूडसर निवासी जितेन्द्र सांसी (28) के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

जानकारी के अनुसार सूडसर रेलवे क्रॉसिंग के पास दोपहर तीन बजे ट्रेन आते देख एक युवक अचानक पटरी पर आया और लेट गया। ट्रेन के पायलट ने उसे देखकर ट्रेन को रोकने का प्रयास किया। परंतु युवक ट्रेन से कट गया और मौत का शिकार हो गया।

## निगम के नाले से जुड़ेगा आर.यू.आई.डी.पी. नाला

**बीकानेर,** (कासं)। निगम के नाले को आरयूआईडीपी नाले से कनेक्ट करने के लिए टेंडर कर दिए गए हैं। काम भी मानसून के आने से पहले पूरा होना है। पुरानी गिन्नाणी में तमाम कॉलोनियों से बहकर आने वाले पानी को निकालने का सूरसागर नाले का भार अब कम होगा।

नगर निगम के पास से कीर्ति स्तंभ के पास आरयूआईडीपी के नाले के बीच एक पाइप डाला जायेगा। जिससे बारिश का आधा पानी आरयूआईडीपी नाले से होकर निकल जायेगा। इससे नगर निगम से सूरसागर तक पानी कम भरेगा और निकासी भी जल्दी होगी। नगर निगम के सामने अब सड़क ऊंची हो गई है इससे सूरसागर से पेट्रोल पंप तक बारिश में पानी ज्यादा भरता है। यहां तक कि निकास न होने के कारण निगम कार्यालय के भीतर भी पानी भर जाता है। मेयर ने पेट्रोल पंप के पास पीएचईडी पंप से निगम नाले के बीच पाइप डालकर पानी निकालने का तरीका सुझाया था। लेकिन तब निम्राण विंग ने इस पर ध्यान नहीं दिया। नए आयुक्त केसरलाल मीणा के सामने अब ये मुद्दा आया तो उन्होंने सबसे पहले सालों से बंद आरयूआईडीपी नाले को पुलिस लाइन चौराहे से पीबीएम अस्पताल तक खुलवाया। तब योजना बनी कि निगम नाले को आरयूआईडीपी के नाले से कनेक्ट किया जाए। इससे सूरसागर वाले नाले पर कम दबाव होगा। आधा पानी इस नाले में जायेगा तो सड़क से जल्दी पानी निकलेगा। नालों को कनेक्ट करने के लिए टेंडर कर दिए गए। मानसून से पहले इस काम को पूरा करने के निर्देश दिए गए है। आयुक्त केसरलाल मीणा ने कहा कि टेंडर कर दिए हैं और एक्सईएन राजीव गुप्ता को पाबंद किया गया कि मानसून से पहले ये काम हो जाए।

- निगम के नाले को आरयूआईडीपी नाले से जोड़ने के लिए टेंडर
- मानसून से पहले काम को पूरा करने के निर्देश दिए

## रंगा बिस्सा ट्रस्ट भवन में आधारभूत सुविधाओं का होगा विकास : कल्ला

**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने कहा कि परोपकार से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। दूसरों की सेवा करने वाले को हमेशा याद रखा जाता है।

शिक्षा मंत्री डॉ. कल्ला ने रंगा बिस्सा पंचायती ट्रस्ट की ओर से आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि रंगा बिस्सा पंचायती ट्रस्ट का यह भवन पिछले पचास वर्षों से सर्व समाज के लिए उपयोगी रहा है। यहां आधारभूत सुविधाओं का विकास जरूरी है। उन्होंने इसके लिए विधायक निधि से 25 लाख रुपये स्वीकृत करने की घोषणा की।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि बीकानेर शहर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं के साथ आपसी प्रेम और सौहार्द के कारण पूरे देश में विशेष पहचान रखता है। युवा पीढ़ी पर इन परम्पराओं को संजोए रखने की महती जिम्मेदारी है। उन्होंने ट्रस्ट के संस्थापक रमणसा के योगदान को याद किया और कहा कि व्यक्ति को अपने समाज और परिवार से जुड़े रहना चाहिए। शिक्षा मंत्री ने कहा कि आधारभूत सुविधाओं के विकास के बाद इस भवन को शैक्षणिक कोचिंग के लिए उपयोग में लिया जाए। जिससे शहरी क्षेत्र के युवा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें तथा राजकीय सेवाओं में उच्च पदों पर चयनित होकर समाज का बेहतर प्रतिनिधित्व कर सकें। उन्होंने आव्हान किया कि प्रशिक्षण कार्य के लिए शहर के प्रबुद्ध लोग आगे आएं। इस दौरान ट्रस्ट की ओर से शिक्षा मंत्री को साफा, शॉल, माला श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर नागरिक अभिनंदन किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष वल्लभ ने कहा कि यह भवन सामाजिक एकता का परिचायक है। उन्होंने ट्रस्ट की विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। सचिव गिरिराज बिस्सा ने आगंतुकों का आभार जताया।


रंगा बिस्सा ट्रस्ट की ओर से शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला का आधारभूत सुविधाओं के लिए 25 लाख रूपये स्वीकृत करने पर अभिनंदन किया।

- बी. डी. कल्ला ने रंगा बिस्सा पंचायती ट्रस्ट के भवन में सुविधाओं के लिए विधायक निधि से 25 लाख रुपये स्वीकृत करने की घोषणा की

## पॉलीथिन के बहिष्कार की समझाइश, कपड़े के थैले बांटे

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर सेवा योजना एवं कामधेनु सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में रविवार सुबह वार्ड 75 के आसानियों के मोहल्ले,गोलछा मोहल्ला, रामपुरिया हवेली के आगे, पीछे, मधु आइस फैक्ट्री के पास, कोचरों का मोहल्ला, भुजिया बाजार में पॉलीथिन के बहिष्कार हेतु घर-घर समझाइश के साथ पॉलीथिन के दुष्प्रभावों की समझाइश के साथ कपड़े के थैले वितरित किये गए।

साथ ही पॉलीथिन से हो रहे गौ माता के नुकसान, सड़क, नालियां क्षतिग्रस्त की जानकारी के लिए पम्पलेट भी वितरित किये गए। बीकानेर सेवा योजना के अध्यक्ष राजकुमार व्यास ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु बीकानेर के प्रत्येक जागरूक नागरिक को एक्टिव सामाजिक संस्थाओं और राजनीतिक लोगों को आगे आना चाहिए तभी स्वच्छ भारत का सपना साकार होगा।


कामधेनु सेवा संस्थान ने पॉलीथिन एकत्रित कर कपड़े के थैले वितरित किए।

कामधेनु सेवा संस्थान के नटवर लाल ओझा, विजयकिशन बागड़ी ने कहा कि यह कार्यक्रम हर रविवार को अनवरत जारी रहेगा। साथ ही बीकानेर के तमाम मौजिज लोगों से आगे आने हेतु सम्पर्क किया जायेगा। इस कार्यक्रम में बीकानेर सेवा योजना के अध्यक्ष राजकुमार व्यास के नेतृत्व में सुमन ओझा जोशी, वीरेन्द्र राजपुरोहित, आशीष मिश्रा, छोटूलाल चूरा, सरस्वती भार्गव, पवन राठी, जुगल किशोर ओझा, रामलाल पवार, पूजा प्रजापत मौजूद थे।